आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 11 | अंकः 20 | जयपुर, सोमवार 03 अगस्त, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



विद्याआश्रम स्कूल... पेज 2



आज थोड़ा समय ... पेज 3

# सावन का पहला सोमवार आज, शिवालयों में उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु

## कांवड़ यात्रा पर ड्रोन-सीसीटीवी से होगी निगरानी; सुबह 4:30 बजे से कर सकेंगे जलाभिषेक

**जयपुर।** सावन के पहले सोमवार पर जयपुर के प्रमुख शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। गलता जी से पवित्र जल लेकर हजारों कांवड़िए शहर के अलग-अलग शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। मंदिर प्रशासन और पुलिस ने भीड़ देखते हुए सुरक्षा-ट्रैफिक के विशेष इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए इस बार कांवड़ यात्रा पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। प्रमुख मंदिरों में अलग-अलग एंट्री और एग्जिट रास्ते बनाए हैं। पुलिस बल, मोबाइल टीमें और स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

### शहर में शुरू हुई कांवड़ यात्रा

सावन के पहले सोमवार को लेकर जयपुर और आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर गलता जी पहुंचे। यहां पवित्र कुंड में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने कांवड़ में जल भरा और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे अपने-अपने क्षेत्रों के शिवालयों के लिए रवाना हुए। हजारों कांवड़िए जयपुर के प्रमुख बाजारों और रास्तों से होते हुए निकले। यात्रा के दौरान श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़े। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। सबसे आगे भगवा और तिरंगा ध्वज



लेकर श्रद्धालु चल रहे हैं।

### झाड़खंड महादेव मंदिर में सुबह 4:30 बजे से होगा जलाभिषेक

वैशाली नगर स्थित झाडखंड महादेव मंदिर में पहले सावन सोमवार पर विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर सचिव श्रीप्रकाश सोमानी ने बताया कि सुबह 4:30 बजे मंगला आरती के बाद श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे। श्रद्धालु गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर सकेंगे। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए दो अलग-अलग लाइनें बनाई गई हैं। शाम को भगवान शिव का विशेष फूल बंगला श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए कोलकाता से विशेष फूल मंगवाए गए हैं। मंदिर परिसर और आसपास वैशाली नगर थाना पुलिस तैनात रहेगी। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग क्वींस रोड और पेट्रोल पंप के पीछे की जाएगी। सुरक्षा के लिए 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर में 150 से 200 स्वयंसेवक और सेवादार व्यवस्था संभालेंगे।

### ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे खुलेंगे पट

चौड़ा रास्ता स्थित प्राचीन ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। सबसे पहले भगवान शिव का दुग्धाभिषेक और घी से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद मंगला आरती होगी। श्रद्धालुओं के लिए दर्शन और जलाभिषेक शुरू कर दिया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए श्रद्धालुओं से बेल्ट और जूते पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं करने की अपील की। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात रहेगा। शाम को भगवान की विशेष झांकी भी सजाई जाएगी।

### पुलिस लाइन से भी होगी पुलिसकर्मियों की तैनाती

पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए 6 मोबाइल पार्टियां तैनात की हैं। इसके अलावा पुलिस लाइन से करीब 200 पुलिसकर्मियों को अलग-अलग स्थानों पर लगाया गया है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी डीसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### सावन में व्रत और जलाभिषेक का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में सावन के सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे शुभ माने जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखकर विधि-विधान से शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा-अर्चना करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। अविवाहित युवतियां मनचाहा वर पाने और विवाहित महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सोमवार का व्रत रखती हैं। इस साल सावन में कुल चार सोमवार रहेंगे। पहला सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त को रहेगा। पूरे सावन माह में शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहेगा।

## अजमेर-जोधपुर में बारिश, सड़कें बनीं दरिया

### ब्यावर में मंदिर पर बिजली गिरी, माउंटआबू में दिनभर कोहरा छाया रहा; कोटा में नवनेरा डैम का गेट बंद



**जयपुर।** ब्यावर के रावतमाल गांव में देवनारायण मंदिर पर रविवार सुबह बिजली गिर गई। हादसे में मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया। एक मोर की मौत हो गई। अजमेर और माउंट आबू में सुबह रुक-रुककर बारिश हुई। अजमेर में सड़कों पर पानी भर गया। हिल स्टेशन माउंट आबू में सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। जोधपुर शहर में शाम करीब 4 बजे तेज बारिश हुई। इस दौरान मथुरा दास माथुर अस्पताल रोड पर पानी भर गया। इससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोटा के नवनैरा डैम को खुला गेट रविवार सुबह बंद कर दिया गया। शनिवार को डैम से एक गेट खोलकर 4 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई थी।

**बिजली गिरने मंदिर को नुकसानः** रविवार सुबह ब्यावर जिले के रावतमाल गांव के देवनारायण मंदिर पर बिजली गिरने से गुंबद को नुकसान हुआ है। मंदिर की दीवारों में भी दरार आ गई है। मंदिर के आसपास बने कुछ मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। जिले के अधिकतर हिस्सों में रविवार सुबह से रुक-रुककर बरसात हो रही है। वहीं, अजमेर में भी रिमझिम बारिश से गर्मी कम हुई है। हिल स्टेशन माउंट आबू में भी लगातार बारिश से ठंडक बढ़ गई है।

**मानसून के कमजोर होने की आशंकाः** मौसम विभाग के अनुसार 3 अगस्त से राज्य में मानसून कमजोर होगा और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है, जबकि अधिकांश समय मौसम साफ रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि मानसून ट्रफ 3-4 अगस्त से उत्तर भारत की तरफ शिफ्ट हो सकती है, जिसके असर से बारिश की गतिविधियां उत्तर भारत की तरफ बढ़ेंगी।


**पारा गिरकर 40 से नीचे आयाः** पश्चिमी राजस्थान में शनिवार को हुई बारिश का असर तापमान में दिखा। जैसलमेर, बाड़मेर में तापमान 3 डिग्री तक गिर गया। प्रदेश के सभी शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। तापमान गिरावट के बाद यहां उमस भी बढ़ गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान फलोदी में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## जयपुर में सामान्य से 32 प्रतिशत कम बारिशः तापमान 26 डिग्री पार, सांभर में सबसे ज्यादा 25एमएम पानी बरसा; 3 दिन बरसात का अलर्ट नहीं

**जयपुर।** जयपुर में इस मानसून सीजन में सूखे जैसे हालात हैं। शहर के कुछ जगहों पर ठीक-ठीक बारिश हुई,लेकिन ज्यादातर मौसम सामान्य ही रहा है। शनिवार को भी जयपुर शहर और ग्रामीण इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात सांभर एरिया में 25एमएम रिकॉर्ड हुई। आज भी सुबह से आसमान में हल्के बादल है और कुछ जगहों पर धूप भी निकली। धूप-बादल से शहर में गर्मी, उमस तेज है। यहां कल दिन का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि बीती रात का न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अगले कुछ दिन शुष्क रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार जयपुर में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। इस बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। फिलहाल तेज बारिश का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।




### शनिवार को इन जगहों पर हुई बारिश

जयपुर जिले में कल सुबह 8 से आज सुबह 8 बजे तक कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सांभर के अलावा फुलेरा, कालवाड़ में 10-10एमएम जोबनेर, नरैना में 13-13एमएम, दूदू में 12, कोटखावदा में 2, मौजमाबाद में 4, सांगानेर एयरपोर्ट पर 2.2, जेएलएन मार्ग पर 6 और फागी में 1एमएम पानी बरसा।

### सामान्य से 32 फीसदी कम बारिश

राजधानी जयपुर में इस सीजन अब तक सामान्य से 32 फीसदी कम बरसात हुई है। जयपुर में 1 जून से 1 अगस्त तक सामान्य बारिश 273.6एमएम होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 186.1एमएम पानी बरसा है।

## 15 अगस्त से पहले बॉर्डर पर मिली 50-करोड की हेरोइनःजिगाना और ग्लॉक सहित 11 विदेशी पिस्टल, सीमा पार से ड्रोन से भेजी गई खेप

**बीकानेर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशा और हथियार भारत में पहुंचाने की साजिश पुलिस ने नाकाम कर दी। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बीकानेर जिले के खाजूवाला क्षेत्र में ऑपरेशन शॉक वेव के तहत करीब 10 किलो अफगान मार्का हेरोइन, 11 विदेशी पिस्टल, 22 मैगजीन, 100 कारतूस और एक बाइक जब्त की है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने तस्कर वीरेंद्र को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह खेप पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए सीमा क्षेत्र में गिराई गई थी। आरोपी वहां से उठाकर आगे सप्लाई करने की तैयारी में था। पूछताछ के



आधार पर तस्करी सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपियों को भी नामजद किया गया है।

### 32 हेड के पास दबिश देकर की कार्रवाई

बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश और एसपी मृदुल कच्छावा भी मौके पर पहुंचे। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया- डीएसटी बीकानेर और खाजूवाला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खाजूवाला थाना क्षेत्र के 32 हेड स्थित चक 6 बीडी सड़क मार्ग पर दबिश दी। यहां से आरोपी को बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से करीब 10 किलो हेरोइन, विदेशी हथियारों के जखीरे मिले। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ड्रोन से गिराई गई खेप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की फिराक में था।

### विदेशी हथियारों का जखीरा भी मिला

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 तुर्किये निर्मित जिगाना पिस्टल, 4 ग्लॉक पिस्टल, 5 स्टार मार्क .30 बोर पिस्टल, 22 मैगजीन और 100 कारतूस बरामद किए हैं।

## गहलोत बोले-मैंने कभी डोटासरा पर आरोप नहीं लगाया

### कांग्रेस नेताओं को आपस में लड़ाना चाहती है BJP, उनका मकसद पीसीसी अध्यक्ष को बदनाम करना है

**जोधपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- भाजपा मेरे बयानों को तोड़-मरोड़कर कांग्रेस में फूट दिखाने की कोशिश कर रही है। मैंने कभी भी डोटासरा पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगाया। भाजपा झूठा नैरेटिव बनाकर कांग्रेस नेताओं को आपस में लड़ाना और गुमराह करना चाहती है। गहलोत ने कहा- मैंने बिड़ला ऑडिटोरियम में शिक्षकों के सम्मेलन के दौरान केवल स्वाभाविक रूप से पूछ लिया था कि क्या आपके यहां ट्रांसफर में करप्शन होता है? आप सभी जानते हैं कि प्रदेश में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की, कोई भी शिक्षा मंत्री बने, ट्रांसफर और पोस्टिंग में भ्रष्टाचार की बातें सामने आती ही है। मेरे पूछने पर वहां मौजूद लोगों ने हां में जवाब दिया था। गहलोत ने आगे कहा- उस समय डोटासरा ने मंच पर खड़े होकर तुरंत कहा था कि अगर मैंने या मेरे स्टाफ ने किसी से एक रुपया भी लिया हो तो बताएं। तब वहां मौजूद किसी भी शिक्षक ने सहमति व्यक्त नहीं की थी।

## अवैध-रिजॉर्ट के खिलाफ JDA ट्रिब्यूनल की कार्रवाई पर अंतरिम रोक

### एससी के आदेश के बावजूद कार्रवाई थमने पर उठे सवाल ,अब 8 सितंबर को होगी सुनवाई

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर रोड स्थित एक कथित अवैध रिजॉर्ट के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने फिलहाल के लिए रोक लगा दी है। JDA अपीलीय अधिकरण ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए नोटिसों की क्रियान्विति और आगे की कार्रवाई पर अंतिम फैसला आने तक रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर को तय की गई है। ट्रिब्यूनल के इस आदेश के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या अवैध निर्माणों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का असर निचले स्तर पर कमजोर पड़ रहा है या यह केवल न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। दरअसल, JDA ने 24 जुलाई को जयपुर-अजमेर रोड स्थित कृषि भूमि पर संचालित बताए जा रहे 7R रिजॉर्ट सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नोटिस जारी किए थे। आरोप था कि संबंधित भूमि का उपयोग स्वीकृत भू-उपयोग के विपरीत किया जा रहा है। नोटिस मिलने के बाद संबंधित पक्ष ने JDA अपीलीय अधिकरण का दरवाजा खटखटाया था।

## राजस्थान में गहलोत ही आलाकमानः पूर्व मंत्री धारीवाल

### दिल्ली का हाईकमान सबसे बड़ा है; जयपुर में सबसे पहले उनके बंगले में जाता है कार्यकर्ता

**कोटा।** कोटा उत्तर से कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने कहा- राजस्थान में अशोक गहलोत ही कांग्रेस के आलाकमान हैं। दिल्ली का आलाकमान अलग है और वह सबसे बड़ा है, वह हाईकमान है। धारीवाल से एक मीडियाकर्मी ने सवाल किया था कि आपने कहा था कि प्रदेश कांग्रेस में आलाकमान अशोक गहलोत ही हैं। आपका आज क्या कहना है। इस पर धारीवाल ने कहा- मैं आज भी इस बात पर कायम हूं। धारीवाल के इस बयान के दौरान उपस्थित समर्थकों ने अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

### गहलोत के बंगले का दिया उदाहरण

शांति धारीवाल ने अपने दावे को सही ठहराते हुए कहा- प्रदेश के आम कार्यकर्ता का जुड़ाव ही इसका प्रमाण है। जयपुर की धरती पर कदम रखते ही कांग्रेस कार्यकर्ता का दूसरा पैर सीधे अशोक



गहलोत के बंगले की ओर जाता है। चाहे वे ट्रेन, बस या कार से उतरें, सबसे पहले कार्यकर्ता वहीं क्यों पहुंचते हैं? यह साबित करता है कि कार्यकर्ताओं के मन में असली नेतृत्व किसका है।

### छात्र आंदोलन पर बोले- केंद्र ने स्टूडेंट्स के साथ कुठाराघात किया

शांति धारीवाल ने छात्र आंदोलन को लेकर कहा- केंद्र सरकार ने स्टूडेंट्स के साथ कुठाराघात किया है। इनके राज में पेपर लीक हो रहे हैं। हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं कि हमारे राज में पेपर लीक हुए, लेकिन हमने तो कानून बनाया, सजा दिलाई। उन्होंने दिलावर पर निशाना साधते हुए कहा- मदन दिलावर का भी इस्तीफा होना चाहिए। ऐसे आदमी को शिक्षा का जिम्मा दे दिया, जिसने कई सरकारी स्कूल बंद कर दिए। नामांकन कम होने लग गया। ऐसे आदमी को रखने का क्या फायदा है। उस पर ऋस्स की मुहर लगी है, इसलिए टिका रखा है।

### 2022 में धारीवाल के आवास पर जुटे थे गहलोत गुट के विधायक

शांति धारीवाल का यह रुख नया नहीं है। इस बयान की जड़ें सितंबर 2022 के उस चर्चित घटनाक्रम से जुड़ी हैं। जब जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की आधिकारिक बैठक बुलाई गई थी। तब गहलोत गुट के दर्जनों विधायक आधिकारिक बैठक के बजाय शांति धारीवाल के सरकारी आवास पर पहुंच गए थे। उस समय भी धारीवाल और समर्थकों ने खुलकर संदेश दिया था कि प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन या फैसला गहलोत गुट की सहमति के बिना संभव नहीं है। इस शक्ति प्रदर्शन के बाद केंद्रीय हाईकमान ने शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया था।

## निराश्रित एवं दीन दुखी प्रभु जी की सेवा हेतु कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम में भिजवाई सब्जी



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा कामां।** निराश्रित एवं दीन दुखी की सेवा में मानव सेवा ही सर्वोपरि के लक्ष्य को मानते हुए अपना घर सेवा समिति कामां द्वारा कोकिलावन स्थित अपना घर आश्रम में आवासित प्रभु जी के लिए प्रति पखवाड़े में सब्जी की सेवा पहुंचाई जाती है इसी क्रम में आज दिनांक 2 अगस्त 2026 रविवार को कामां इकाई द्वारा सब्जी की (32वी) बत्तीसवीं सेवा इकाई अध्यक्ष प्रमोद पुजारी के नेतृत्व में पिकअप गाड़ी द्वारा भिजवाकर सेवा संस्कार की इस श्रृंखला को निभाया जिसमें क़रीब 11 क्विंटल सब्जी रवाना की गई । अपना घर इकाई कामवन द्वारा हर माह के प्रथम एवं तृतीय रविवार को सहयोग की भावना से प्रभुजी की सेवा के लिए सब्जी की सेवा प्रदान करने का प्रकल्प प्रारम्भ किया हुआ है जो कि जन सहयोग एवं समिति के सहयोग पिछले एक वर्ष से अनवरत रूप से जारी है। इस कार्यक्रम में कामां इकाई के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, खेमराज खंडेलवाल, मनोज गोयल गंगोरा वाले, महेंद्र अरोड़ा, नेमीचंद खंडेलवाल, वेदप्रकाश खंडेलवाल, हरिओम खंडेलवाल, सतीश सोंखिया, पंकज सोंखिया, अशोक सैनी पार्षद, महेश सैनी, मौनी खंडेलवाल, निरोत्तम आढ़ती, पप्पू सैनी, श्याम सैनी, एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## चिराना में संस्कृत कॉलेज के पीछे पेड़ से लटका मिला शव

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती चिराना गांव के संस्कृत कॉलेज के पीछे पहाड़ी इलाके में बरखंडी की ओर जाने वाले रास्ते में एक पेड़ से लटका हुआ कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव करीब 15 दिन पुराना होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार चिराना की पहाड़ी के पास एक पेड़ से मानव कंकाल लटका हुआ मिला। शव काफी पुराना होने के कारण उसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी। सूचना के बाद सीओ सुगन सिंह और गोठड़ा थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कंकाल की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मृतक की पहचान हो सके। इसके साथ ही मौत किन परिस्थितियों में हुई और यह आत्महत्या है या किसी अन्य कारण से हुई मौत, इस पहलू की भी गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और इलाके में सनसनी का माहौल बन गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच जारी होने की बात कही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना से जुड़े सभी तथ्यों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। गोठड़ा पुलिस द्वारा सबको नवलगढ़ जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी का व्यक्तित्व संगठन, विचार और राष्ट्रसेवा का था अद्भुत संगमः– मदन राठौड़

### भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी की जयंती पर भाजपा नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संगठनकर्ता स्व. डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी की जयंती के अवसर पर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संगठनात्मक योगदान और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित जीवन का स्मरण किया। इस दौरान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह, अजीत मांडण, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, वरिष्ठ नेता रवि नैयर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश सह-कार्यालय प्रभारी भवानी शंकर शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धेय डॉ चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि स्व. डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी का व्यक्तित्व संगठन, विचार और राष्ट्रसेवा का अद्भुत संगम था। उन्होंने अपने संपूर्ण सार्वजनिक जीवन में संगठन को सर्वोपरि मानते हुए कार्यकर्ताओं के निर्माण और भाजपा की वैचारिक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासित कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों और मूल्यों पर चलते हुए हम संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पंजाब कांग्रेस में टूट का खतराःप्रधान बोले-आप की आंधी में मालवा से जीता, विदेश नहीं गया

**जालंधर।** पंजाब में चुनाव से करीब 7 महीने पहले कांग्रेस में टूट का खतरा और बढ़ गया है। पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी और प्रधान राजा वडिंग ने अब खुलकर एक-दूसरे के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया है। चन्नी और उनके बेटे रिदमजीत सिंह ने एक रील शेयर की थी, जिसमें 'कुछ लोग गलतफहमी में हैं कि हम जवाब नहीं देंगे। तैयारी थोड़ी बड़ी है, सब्र रखो, पल-पल का हिसाब लेंगे।' डायलॉग था। इसके जवाब में राजा वडिंग ने कहा- रील ज्यादा डालने से कोई नहीं जीतता। पंजाब में कोई किसी को जिता या हरा नहीं सकता। अगर लीडर काम का नहीं है तो वह नहीं जीतेगा, चाहे सोशल मीडिया पर जितनी भी पोस्ट कर ले या रील डाल ले। अगर ऐसा होता तो सिद्धू मूसेवाला चुनाव न हारते, उनकी एक रील के मिलियन व्यूज होते थे। वहीं वडिंग ने पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के खिलाफ बयानबाजी करने पर सनौर से पूर्व ख्रू मदनलाल जलालपुर को पार्टी से निकाल दिया।

# ह्यूमन ग्लोरी वूमेन्स क्लब ने उत्साहपूर्वक मनाया फ्रेंडशिप डे, लहरिया क्वीन प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद्र

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट की महिला इकाई ह्यूमन ग्लोरी वूमेन्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेशन हर्षोल्लास एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया परिधान में भाग लेकर मित्रता, प्रेम और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ फ्रेंडशिप केक कटिंग के साथ हुआ।

ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया कि फ्रेंडशिप डे जैसे आयोजन समाज में प्रेम, विश्वास, सामाजिक समरसता एवं महिला सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को नए मित्र बनाने, एक-दूसरे से जुड़ने तथा आत्मीय रिश्तों को मजबूत करने का अवसर मिलता है। ह्यूमन ग्लोरी वूमेन्स क्लब की अध्यक्ष मनीषा जैन कुसुम ने कहा कि दोस्ती जीवन की सबसे अनमोल पूंजी है। क्लब का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा सकारात्मक मंच उपलब्ध कराना है, जहाँ वे




अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए नए रिश्ते बना सकें और खुशियों को एक-दूसरे के साथ साझा कर सकें।

इसके पश्चात प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बाँधकर नई दोस्ती और आत्मीय रिश्तों की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित लहरिया क्वीन प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक गेम्स, संगीत, सरप्राइज गतिविधियाँ तथा स्वादिष्ट अल्पाहार ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जयश्री ज्वेलर्स के संस्थापक अवंत जैन का विशेष सहयोग एवं आतिथ्य सराहनीय रहा। उनके सहयोग से आयोजन को भव्य एवं यादगार स्वरूप मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी महिलाओं के लिए ऐसे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# बारिश की फुहारों के बीच उल्लास से सजा 'लहरिया-2026'

## महिलाओं ने जमकर मनाया सावन उत्सव, आलम ज्वैलर्स की स्पॉन्शरशिप में हुआ कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**सुमेर सिंह राव/झुंझुनूं।** सावन की हल्की फुहारों और खुशनुमा मौसम के बीच जिला मुख्यालय स्थित जमुना रिसोर्ट में स्त्री शक्ति समूह की ओर से आयोजित 'लहरिया-2026' रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। आलम ज्वैलर्स कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर थे। जबकि अभिनंदन गारमेंट्स सहित अन्य भी सहयोगी के रूप में रहे। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया साड़ी, लहरिया लहंगा-चुन्नी, सूट और अन्य राजस्थानी परिधानों में भाग लेकर सावन के रंग बिखेर दिए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। बारिश की हल्की बूंदों के बीच महिलाओं ने जयपुर के प्रसिद्ध डीजे की धुनों पर जमकर नृत्य किया। 'फ्लोर डांस इन लहरिया' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। जिसमें महिलाओं ने सामूहिक रूप से नृत्य कर पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। इसके अलावा विभिन्न फन गेम्स और मनोरंजक गतिविधियों ने भी सभी का खूब मनोरंजन किया। आयोजन के दौरान सावन में पीहर आई बेटियों और नई नवेली बहुओं का राजस्थानी परंपरा के अनुसार सिंधारा कर सम्मान किया गया। परिसर में लगाए गए पारंपरिक झूलों का महिलाओं ने भरपूर आनंद लिया। वहीं सावन थीम पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर भी महिलाओं ने यादगार तस्वीरें खिंचवाईं। स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड कॉर्नर ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को राज कॉप सिटिजन एप की जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता बताई। उन्होंने महिलाओं के मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करवाकर इसके सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी भी दी। इस मौके पर डॉ. मीना शेखावत, सुमन मील, ललित राठौड़, रविता झाझड़िया, डॉ. शालू टीबड़ा, सुनीता टीबड़ा, डॉ. शशि मरोलिया, संगीता पाटोदिया, मनीषा केडिया, सरोज बड़ाऊ, नैना शेखावत, सुनिता चौधरी, शशि नूनियां, मंजू कुमावत, डॉ. प्रियंका बुडानिया सहित स्त्री शक्ति समूह की अनेक सदस्य व शहर की महिलाएं मौजूद थीं। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त करने का मंच उपलब्ध कराना रहा।



## 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारम्भ

### नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु जनभागीदारी का आह्वान



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारम्भ ईश्वरीय स्मृति, माननीय प्रधानमंत्री जी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा उद्बोधन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। केंद्र संचालिका वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए बताया कि यह अभियान भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान, गृह मंत्रालय के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) के Mission SPANDAN तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की MY Bharat पहल के उद्देश्यों को जनभागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाने का एक राष्ट्रीय जनआंदोलन है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के साथ संपन्न आधिकारिक समझौता ज्ञापनों (MoUs) के माध्यम से ब्रह्माकुमारीज़ इन राष्ट्रीय पहलों में सहभागी संस्था के रूप में देशभर में जनजागरूकता, मूल्य शिक्षा एवं राजयोग मेडिटेशन के द्वारा सक्रिय योगदान दे रही है। यह अभियान ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका परम आदरणीय राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि नशे की स्थायी रोकथाम केवल नियंत्रण या दवाइयों से संभव नहीं है। तनाव, अकेलापन, निराशा, नकारात्मक सोच तथा जीवन में उद्देश्य की कमी जैसी परिस्थितियाँ व्यक्ति को नशे की ओर ले जा सकती हैं। राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति के आत्मबल, आत्मसम्मान, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन तथा सकारात्मक सोच को सशक्त बनाकर उसे नशामुक्त, स्वस्थ एवं मूल्यनिष्ठ जीवन अपनाने की आंतरिक शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ, मूल्यनिष्ठ एवं उत्तरदायी जीवन अपनाने का आह्वान करते हुए इस आंदोलन को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों ने राष्ट्रीय नशामुक्ति प्रतिज्ञा लेकर स्वयं सभी प्रकार के नशों से दूर रहने तथा अपने परिवार, समाज और कम से कम दस अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मेरा जीवन, नशा मुक्त जीवन। मेरा परिवार ,नशा मुक्त परिवार। मेरा उदयपुरवाटी, नशा मुक्त उदयपुरवाटी। मेरा भारत ,नशा मुक्त भारत। इस संकल्प सहित प्रसाद वितरण के साथ सभा का समापन हुआ।

# वान्या फाउंडेशन ने 'सेवा संकल्प' के तहत किया पौधा वितरण एवं पौधारोपण

**जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वान्या फाउंडेशन द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पौधा वितरण एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ब्रह्मपुरी थाना के पीछे स्थित नगर निगम गार्डन, आमेर रोड, जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें समाजसेवियों, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वान्या फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संस्थापक संतोष मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पौधों का वितरण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया।

संतोष मिश्रा ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने एक पौधा एक जीवन एक संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। वान्या फाउंडेशन की इस पहल की स्थानीय नागरिकों एवं समाजसेवियों ने सराहना करते हुए इसे हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान जनकल्याण से मनोज यादव, अमित तिवारी, गीता, कविता, रामबाबू शर्मा सावत्री शर्मा पुष्कर, एन.पी मिश्रा, सुनीता, नीलम, मंजू सैन आदि कई सोशल वर्कर मौजूद रहे।




## सूरतः गोद लिए बेटे ने पहले मां का गला घोंटा, फिर खुद लगा ली फांसी

### शेयर बाजार में 45 लाख डूबने से था परेशान

**अहमदाबाद।** गुजरात के सूरत में 36 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी गोद लेने वाली मां की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी, फिर खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिससे पता चलता है कि वह शेयर बाजार में हुए भारी नुकसान के कारण गंभीर आर्थिक संकट में था। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को वराछा के अश्विनीकुमार इलाके में ए.के. रोड स्थित रूपम सोसायटी में हुई।

# जनहित की मांगों को लेकर किसानों-मजदूरों ने भरी हुंकार

## मांगें नहीं मानी तो होगा एसडीएम कार्यालय का घेराव

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** चंवरा चौराहे पर किसान मजदूर एवं जल संघर्ष समिति तथा अरावली पर्वत जनजागृति समिति, उदयपुरवाटी के संयुक्त तत्वावधान में जनसभा आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता माहलाराम सैनी ने की।

सभा के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव (जिला सचिव, सीकर) थे। विशिष्ट अतिथियों में मुकेश सैनी (प्रदेश सचिव, पीसीसी ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ), ओमप्रकाश सैनी (तहसील अध्यक्ष), नाथूराम सैनी (अध्यक्ष, जल संघर्ष समिति, उदयपुरवाटी), सांवरमल खटाणा (उपाध्यक्ष) एवं बनवारी खटाणा (ककराना समिति अध्यक्ष) सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन जनहित से जुड़े मुद्दों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब किसानों, मजदूरों, युवाओं और आमजन को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर लोकतांत्रिक संघर्ष करना होगा।

सभा में पंचायतीराज विभाग द्वारा बंद की गई निःशुल्क पेयजल टैंकर सेवा को पुनः प्रारंभ करने, नीट पेपर लीक प्रकरण से आहत होकर आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों को न्याय दिलाने, दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा बढ़ती महंगाई के अनुरूप मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने की मांग की गई।




सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन ने शीघ्र इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो किसान, मजदूर एवं सामाजिक संगठन संयुक्त रूप से उपखंड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय का घेराव कर व्यापक आंदोलन करेंगे।

इस दौरान 8 अगस्त 2026 को अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति की मासिक बैठक गायत्री गोशाला, शाकम्भरी रोड, उदयपुरवाटी में आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में अरावली संरक्षण, जल संरक्षण एवं क्षेत्र की जनसमस्याओं पर आगामी रणनीति तय की जाएगी तथा अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी का आह्वान किया गया।

सभा में सांवरमल खटाणा, महावीर सैनी, नाथूराम सैनी, बनवारी खटाणा, बंसी सैनी, बागाराम सैनी, गजराज सिंह, खुबाराम सैनी, जगदीश सैनी, रामरतन सैनी, रिछपाल सैनी, राकेश सैनी, बालूराम सैनी, प्रभु सैनी, मदन सैनी, प्रकाश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, बंसी सैनी (नेवरी) सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लक्ष्मीनारायण मेमोरियल ट्रस्ट कानडियावाला व टीम (TSM) का 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ अभियान 2026' ज़ारी,

## सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा बनें पर्यावरण संरक्षण मुहिम के साक्षी, पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य की बनेगी सबसे बड़ी पूँजी- सुमन मीणा

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**जमवारामगढ़/भरत देवड़वाल।** श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट और टीम सुमन मीणा , जमवारामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जमवारामगढ़ क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण एवं वृक्ष-वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

### इन स्थानों पर हुआ पौधारोपण

शनिवार को कार्यक्रम के तहत माता जी की ढाणी (कानड़ियावाला), राजकीय प्राथमिक विद्यालय कानड़ियावाला, मुख्य गाँव ड्योड़ा डूंगर, चार ढाणी-झोल, पितृ प्रेत थान परिसर झोल, बिजली ग्रिड-आरवाड़ी, नाडा की ढाणी-भावपुरा, मुख्य गाँव भावपुरा, मुख्य गाँव मानोता, बड़ा कुआँ की ढाणी-मानोता, मुख्य गाँव बूज, मुख्य गाँव सरजोली, मुख्य गाँव खरकड़ा, श्री गंगा मंदिर खवारानी जी, सीताराम मंदिर खवा रानीजी, बावड़ी, नकटी घाटी एवं जारुण्डा सहित अनेक गाँवों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए और निशुल्क पौधों का वितरण किया गया।

### प्रमुख वक्ताओं के विचार

कार्यक्रम में राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा- यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की एक जन-जागरूकता मुहिम है। आज का लगाया हुआ एक छोटा-सा पौधा आने वाले वर्षों में हजारों लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन, छाया, फल और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा।

### ट्रस्ट संरक्षक एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हर सहाय मीणा का संबोधन

डॉ हरसहाय मीना ने कहा-यदि हर परिवार हर वर्ष मानसून के मौसम में केवल दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो हमारा क्षेत्र और पूरा राजस्थान हरियाली से भर सकता है।अभियान की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा साथी, मातृशक्ति ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य सुमन मीणा ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा जनप्रतिनिधि जमवारामगढ़ ने युवाओं और महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा साथी, मातृशक्ति और टीम के समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो अपने व्यक्तिगत कार्यों से समय निकालकर निस्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा में जुटे हुए हैं। बदलाव सरकारों से नहीं, समाज की भागीदारी से आता है।

### उन्होंने सभी से 5 संकल्प लेने का आह्वान किया:

1. एक पौधा अवश्य लगाएँ 2. लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल करें 3. अपने बच्चों को प्रकृति से जोड़ें 4. जल, जंगल और जमीन की रक्षा को अपना कर्तव्य समझें


5. हर जन्मदिन, वर्षगाँठ और शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएँ सुमन मीणा ने कहा, पेड़ लगाना आसान है, लेकिन उसे वृक्ष बनाना ही सच्ची सेवा है। आज की हमारी छोटी-सी मेहनत ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य की सबसे बड़ी पूँजी बनेगी।

### जनसहभागिता

अभियान के दौरान सैकड़ों वरिष्ठजन, किसान, महिलाएं, बच्चे और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामुहिक संकल्प लिया आइए, हम सभी मिलकर हर गाँव को हरा-भरा, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएँ।

# एक्टर धनुष की राजनीति में एंट्री की अटकलें तेज

## सीएम विजय के ज्योतिषी बोले- 2031 में विजय और धनुष में मुकाबला होगा



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में एक्टर धनुष की एंट्री की अटकलें तेज हो रही हैं। सीएम विजय के ज्योतिषी रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल का दावा है कि 2031 के चुनाव में विजय और धनुष की सीधी टक्कर संभव है। धनुष ने अभी राजनीति पर कुछ नहीं कहा है। लेकिन, हाल में एक फिल्मी कार्यक्रम में हजारों प्रशंसकों से कहा- यह एकजुटता सिर्फ फिल्मी आयोजनों तक न रहे। अपने क्षेत्रों में जनसेवा करें। धनुष ने अपने 43वें जन्मदिन पर गरीबों को मुफ्त ऑटो रिक्शा दिए। करीब 30 लोगों को रोजगार के लिए आर्थिक मदद की। धनुष के करीबी सूत्र बताते हैं कि वह राज्य के दौरे की योजना बना रहे हैं। वहां प्रशंसकों से मिलेंगे। जनकल्याण कार्यों के जरिए लोगों से जुड़ेंगे। विश्लेषक आर. रंगराज कहते हैं कि कभी एमजीआर ने फिल्मी सितारों की एक पूरी पीढ़ी को राजनीति में आने की प्रेरणा दी थी। अब विजय ने अपनी लोकप्रियता को राजनीतिक ताकत में बदला है। ऐसे में, आश्चर्य नहीं होगा यदि भविष्य में धनुष, सूर्या और विशाल जैसे अभिनेता भी सीएम पद की दौड़ में दिखें। इससे DMK-ADMK हाशिए पर पहुंच सकते हैं।

### फैन क्लब ने तस्वीर के साथ झंडा बनाया

धनुष के फैन क्लब ने एक झंडा जारी किया है। इसमें सफेद और लाल स्टार और बीच में धनुष की तस्वीर है। हालांकि, फैंस क्लब के अध्यक्ष सुब्रमण्यम शिवा कहते हैं कि वे 15 साल से यह झंडे इस्तेमाल कर रहे हैं। पर, एक्सपर्ट मानते हैं कि विजय की तरह ही ऑर्गनाइज फैन क्लब और सोशल वेलफेयर के काम रणनीति का ही हिस्सा हैं।

# हार्दिक पंड्या ने सिर मुंडवाया, तिरूपति बालाजी के दर्शन किए

## गर्लफ्रेंड महिका शर्मा भी साथ, आईपीएल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है



**तिरुमाला।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने रविवार को तिरुमाला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति बालाजी) में पूजा-अर्चना की। इस दौरान हार्दिक सिर मुंडवाए हुए थे। हार्दिक के साथ उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा भी मौजूद थीं। मंदिर में दर्शन के दौरान हार्दिक और माहिका दोनों ही पारंपरिक सफेद कपड़ों में दिखाई दिए।

### तिरुपति मंदिर में बाल दान करने की परंपरा

तिरुपति मंदिर में श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी आस्था जताने और मनोकामना पूरी होने पर या उसके लिए प्रार्थना करते हुए मुंडन कराते हैं। हर साल लाखों लोग यहां अपने बाल दान करते हैं। बाद में इन बालों की नीलामी की जाती है और उससे मिलने वाली आय का उपयोग मंदिर के संचालन और अन्य सामाजिक-धार्मिक कार्यों में किया जाता है। हार्दिक चोट से उबरकर वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हार्दिक पंड्या आईपीएल 2026 के बाद से चोट के कारण क्रिकेट से दूर हैं। पहले उन्हें पीठ में अकड़न की समस्या हुई, फिर जांघ की चोट ने उनकी वापसी टाल दी। आईपीएल 2026 में उन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी।



### अफगानिस्तान, इंग्लैंड और जिम्बाब्वे दौरे से भी रहे बाहर

चोट के कारण हार्दिक अफगानिस्तान के खिलाफ लिमिटेड ओवर सीरीज, इंग्लैंड दौरे की वनडे और टी-20 सीरीज तथा जिम्बाब्वे के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज भी नहीं खेल सके। उन्होंने आईपीएल 2026 के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। ऐसे में माना जा रहा है कि तिरुमाला में पूजा-अर्चना के साथ वह अब मैदान पर वापसी की तैयारियों में जुट गए हैं।

# एफसीएम उपचार से सुरक्षित मातृत्व की ओर बढ़ीं गर्भवती सुनिता यादव

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**जयपुर द्वितीय।** गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की समय पर पहचान और उपचार से सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जा सकता है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नि:शुल्क उपलब्ध फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम) उपचार से अनेक गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। इसका एक प्रेरक उदाहरण हचुकड़ा निवासी 22 वर्षीय 09 माह की गर्भवती श्रीमती सुनिता यादव हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि नियमित एएनसी जांच के दौरान श्रीमती सुनिता यादव का हीमोग्लोबिन 9.2 ग्राम/डीएल पाया गया। चिकित्सकीय परामर्श एवं प्रसव सखी ममता शर्मा के सहयोग से उन्हें उपजिला अस्पताल सांभर में नि:शुल्क एफसीएम इंजेक्शन लगाया गया तथा नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन युक्त संतुलित आहार और आवश्यक देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि उपचार के बाद श्रीमती सुनिता यादव का हीमोग्लोबिन बढ़कर 11.1 ग्राम/डीएल हो गया। इसके साथ ही कमजोरी और थकान जैसी समस्याओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ तथा उनका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर हुआ। श्रीमती सुनिता यादव ने उपजिला अस्पताल सांभर में मिली नि:शुल्क जांच, उपचार एवं एफसीएम इंजेक्शन की सुविधा पर संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं प्रसव सखी का आभार जताया। उन्होंने अन्य गर्भवती महिलाओं से भी नियमित एएनसी जांच कराने तथा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध नि:शुल्क सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# अभिजीत दीपके के परिवार की संपत्ति जांचने की मांग

**नई दिल्ली।** सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके के परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को शिकायत भेजी है। तिवारी का दावा है कि अभिजीत दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में जूनियर इंजीनियर थे। उनकी मासिक सैलरी करीब 60-65 हजार थी। ऐसे में यह जांच होनी चाहिए कि उन्होंने अपने बच्चों की अमेरिका में उच्च शिक्षा का खर्च कैसे उठाया।

### तिवारी बोले- CJP रजिस्टर्ड संस्था नहीं है

अमित तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार से भगवानराव दीपके की आय और संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है, लेकिन उसका चुनाव आयोग में पंजीकरण नहीं है और वह चंदा भी जुटा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि अगर सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है और चंदा ले रही है, तो उसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 के तहत राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए।

# राहुल बोले- छात्रों को पीएम की माफी की जरूरत नहीं

## बल्कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए; नीट में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों से मिले



**चेन्नई।** राहुल गांधी ने शनिवार को चेन्नई में स्टूडेंट्स और नीट में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजन से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- स्टूडेंट्स को पीएम की माफी की जरूरत नहीं, बल्कि उन्हें स्टूडेंट्स से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'माता-पिता को अपने बच्चे का शोक मनाते देखने से ज्यादा दर्दनाक कुछ नहीं हो सकता। नीट पेपर लीक के बाद न पीएम पीड़ित माता-पिता से मिले हैं और न ही किसी ऐसे छात्र के साथ बैठे हैं जिसका भविष्य पेपर लीक के कारण छिन गया।' राहुल के इस बयान को पीएम मोदी के बच्चों को माफ करने के बयान के बाद आया है। पीएम ने शुक्रवार रात 11 बजे वीडियो जारी कर कहा था, 'जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान कुछ बच्चों ने मुझे और मेरी मां को भद्दी गालियां दीं, लेकिन मैं उन बच्चों को माफ करना चाहता हूं, क्योंकि बचपन गलती सुधारने का समय होता है।'

### राहुल बोले- परिसीमन का समर्थन करने वाले गद्दार

राहुल गांधी ने चेन्नई के एक दिन के दौरान परिसीमन पर भी बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, परिसीमन, तमिलनाडु के लोगों से मताधिकार छीनने की साजिश है। इससे तमिलनाडु को कमजोर किया जाएगा। उन्होंने इसे भाजपा की साजिश बताया। कहा, 'जो कोई भी परिसीमन का समर्थन करता है, वह तमिलनाडु के साथ गद्दारी कर रहा है। यह तमिलनाडु के भविष्य के साथ धोखा है।'

# गोवा में कांग्रेस-GFP में गठबंधन पर चर्चा

## यूपी ने साथ आने के संकेत दिए; अगले साल चुनाव, बीजेपी का लगातार चौथी बार सरकार बनाने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** गोवा में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने गठबंधन को लेकर शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भी गठबंधन के संकेत दिए हैं। गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडंकर ने बताया कि उन्होंने GFP प्रमुख विजय सरदेसाई के साथ गठबंधन को लेकर चर्चा की है। दोनों नेताओं की शनिवार को दक्षिण गोवा के फतोरदा शहर में मुलाकात हुई थी। कांग्रेस और GFP ने 2022 का विधानसभा चुनाव भी साथ मिलकर लड़ा था। चोडंकर ने कहा कि शनिवार को हुई बातचीत शुरुआती दौर की थी। गठबंधन को आगे बढ़ाने पर अभी फैसला लिया जाना बाकी है। उन्होंने बताया कि सीट शेयरिंग समेत अन्य मुद्दों को अंतिम रूप देने के लिए वे जल्द ही फिर से मुलाकात करेंगे।

### AAP ने कहा- समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन के लिए तैयार

वहीं आम आदमी पार्टी गोवा के अध्यक्ष वाल्मीकि नाइक ने शनिवार को अपनी पार्टी की उस कमेटी के साथ बैठक की, जिसे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन पर फैसला लेने की जिम्मेदारी दी गई है। नाइक ने पत्रकारों से कहा कि क्क समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन के लिए तैयार है। पार्टी का मुख्य लक्ष्य बीजेपी सरकार को हराना है। आप ने 2022 में 40 सीटों में 39 पर अपने उम्मीदवार उतारे और अलग चुनाव लड़ा। आप ने 2 सीटें (बेनेउलिम और वेलिम) जीतीं और पहली बार गोवा विधानसभा में पहुंची। चुनाव के बाद आप के दोनों विधायक पार्टी में बने रहे।

### लगातार 3 बार से सत्ता में बीजेपी, अभी 33 विधायक

गोवा की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। अभी बीजेपी 33 विधायकों के समर्थन से सत्ता में है। इनमें से 28 विधायक बीजेपी के हैं, तीन निर्दलीय हैं और दो विधायक महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 40 में से 20 सीटें जीती थीं। बाद में कांग्रेस के 8 विधायक बीजेपी में शामिल हो गए, जिससे पार्टी का बहुमत और मजबूत हो गया। अब बीजेपी ने 2027 के चुनाव में 30 से ज्यादा सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया है।

# ट्रम्प बोले- ईरान पर हमला फिलहाल टाला

## होर्मुज खोलने और परमाणु खतरा खत्म करने पर सहमति बनी; सऊदी ने कार्रवाई रोकने को कहा था

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उनके मुताबिक, ईरान और कुछ मिडिल ईस्ट देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव आने के बाद यह फैसला लिया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ईरान पर बड़े सैन्य हमले के लिए पूरी तरह तैयार था। उन्होंने दावा किया कि समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इजराइल भी इस फैसले में अमेरिका के साथ है। इससे पहले एक्सियोस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प से फोन पर बात कर ईरान पर संभावित बड़े हमले को टालने और संयम बरतने की अपील की थी। **1. अमेरिका ने मिडिल ईस्ट छोड़ने की एडवाइजरी जारी की:** अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों से कहा है कि अगर सुरक्षा हालात और बिगड़ते हैं तो वे पश्चिम एशिया छोड़ने की तैयारी रखें। एडवाइजरी ट्रम्प की ईरान पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी के बीच जारी की गई।


# ट्रम्प बोले- ईरान पर हमला फिलहाल टाला

## होर्मुज खोलने और परमाणु खतरा खत्म करने पर सहमति बनी; सऊदी ने कार्रवाई रोकने को कहा था

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उनके मुताबिक, ईरान और कुछ मिडिल ईस्ट देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव आने के बाद यह फैसला लिया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ईरान पर बड़े सैन्य हमले के लिए पूरी तरह तैयार था। उन्होंने दावा किया कि समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इजराइल भी इस फैसले में अमेरिका के साथ है। इससे पहले एक्सियोस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प से फोन पर बात कर ईरान पर संभावित बड़े हमले को टालने और संयम बरतने की अपील की थी।




# केरलम और कर्नाटक में भारी बारिश-लैंडस्लाइड से 11 की मौत

## 8 लापता; किश्तवाड़ में बादल फटने से कई घरों में पानी घुसा, बद्रीनाथ हाईवे 20 मीटर तक धंसा






**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। केरलम में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड और बाढ़ से 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। सरकार ने 209 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में रविवार सुबह लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन (35), उनकी पत्नी नागवेणी (28) और 3 साल का बेटा संतोष शामिल हैं। हादसे के समय तीनों पहाड़ी के पास बने घर में सो रहे थे। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छतरू इलाके में शनिवार को बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। कई मकानों और दुकानों को नुकसान पहुंचा, दो कारें बह गईं और सड़कों पर मलबा भर गया। एहतियात के तौर पर किश्तवाड़, डोडा और रामबन के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। चमोली के गौचर के पास कमेड़ा में बद्रीनाथ हाईवे का 20 मीटर हिस्सा धंस गया, जिससे यातायात वन-वे कर दिया गया है। मौसम विभाग ने 7 अगस्त तक मौसम खराब रहने का अनुमान जताया है।

### तमिलनाडुः 2000 लोगों ने बारिश के लिए प्रार्थना की

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सूखे मौसम की वजह से तिरुचिरापल्ली के थेन्नूर में मुस्लिम समाज के 2,000 लोगों ने बारिश की विशेष प्रार्थना (सलात अल-इस्तिस्का) की। कई जिलों में तापमान 37.5डिग्री से ऊपर बना हुआ है और राज्य भीषण जल संकट का सामना कर रहा है।

### सूरत में बारिश रुकी, लेकिन किम नदी का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ

गुजरात के सूरत में फिलहाल बारिश रुक गई है, लेकिन किम नदी का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। नदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट पानी में डूब गया, जिसके चलते लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दूसरे श्मशान घाटों पर जाना पड़ रहा है।

### केरल के अलप्पुझा में बाढ़ का खतरा बढ़ा

केरल के अलप्पुझा जिले के कुट्टनाड और अपर कुट्टनाड क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

पंबा और अचनकोविल नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

वीयापुरम और चेरुथाना गांवों में बाढ़ से 100 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। अलप्पुझा में 11 राहत शिविर चल रहे हैं, जहां 169 परिवारों के 580 लोगों को ठहराया गया है।

### केरल में भारी बारिश से 8 लोगों की मौत, 8 लापता

केरल मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, भारी बारिश से अब तक 8 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। इस आपदा में 13 लोग घायल हुए हैं। राज्यभर में 5,792 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर 209 राहत शिविरों में ठहराया गया है। बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 27 घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, जबकि 196 घरों को नुकसान पहुंचा है।

### जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश, नदियों-नालों का जलस्तर बढ़ा


जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में रविवार सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिसके चलते लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में बादल ज्यादा फटते हैं

जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की सबसे बड़ी वजह हिमालय की ऊंची पर्वत श्रृंखलाएं हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी भरी हवाएं इन पहाड़ों से टकराकर ऊपर उठती हैं। ऊपर जाते ही हवा ठंडी हो जाती है और उसमें मौजूद नमी तेजी से बादलों में जमा होने लगती है। इसके अलावा, संकरी घाटियां और ऊंची चोटियां बादलों को एक जगह रोक देती हैं। इससे कम क्षेत्र में बहुत ज्यादा नमी इकट्ठी हो जाती है। जब बादल इतना पानी संभाल नहीं पाते, तो अचानक बेहद तेज बारिश होती है। यही वजह है कि डोडा, किश्तवाड़, रामबन, पुंछ, राजौरी, सोनमर्ग और कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में बादल फटने की घटनाएं मैदानी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा होती हैं।

# कॉमनवेल्थ गेम्स- 10वें दिन भारत को 8 गोल्ड

## 7 बॉक्सरों ने जीते, एक पैरा शॉटपुट में मिला, ट्रिपल जंप में 2 मेडल


**नई दिल्ली।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के 10वें दिन शनिवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड बॉक्सिंग और एक पैरा शॉटपुट से आया है। भारत ने पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स के एक ही एडिशन में बॉक्सिंग में 7 गोल्ड मेडल जीते हैं। महिला बॉक्सिंग में प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने फाइनल जीतकर गोल्ड मेडल हासिल किए। पुरुषों में



सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने गोल्ड मेडल जीते। बॉक्सिंग में ही लवलीना बोरगोहेन, जादुमणि और नरेंद्र बेरवाल को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने गोल्ड जीता। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में गुलवीर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वे कॉमनवेल्थ गेम्स में 5000 और 10000 मीटर दोनों इवेंट में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। भारत ने ट्रिपल जंप में दो और मेडल भी जीत लिए।

### 1. पंघाल ने इंग्लिश बॉक्सर को 4-1 से हराया

अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के मुक्केबाज डिमेजी शिट्टू को 4-1 से हराया। अंकुश फाइनल की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाया और आखिर में जीत अपने नाम की।

### 2. सचिन सिवाच के आखिरी पंच से सोना आया

सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में नामीबिया के मुक्केबाज को ट्राईगेन मॉर्निंग नडेवेलो को 3-2 से हराया। दूसरे राउंड में रेफरी ने सचिन पर एक अंक की पेनल्टी लगाई थी। ऐसे में आखिरी राउंड में उनका 4-1 से जीतना जरूरी हो गया था। आखिरी राउंड भी बराबरी पर था, लेकिन सचिन में आखिरी क्षणों में दमदार पंच लगाया, इससे नडेवेलो लडखडा गए। इसी पंच ने सचिन की जीत तय कर दी।


### 3. अरुंधति चौधरी को भी गोल्ड

अरुंधति चौधरी ने 70किमी. में इंग्लैंड की कैंथले रीड को 5-0 से हराया। अंतिम राउंड के शुरुआती 30 सेकेंड में रेफरी ने दोनों मुक्केबाजों को खेल की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा।

# पीएम बोले- भारत में ड्रग्स सप्लाई आतंकी साजिश का हिस्सा

## दुश्मन देश युवाओं को नशे में धकेलना चाहते हैं; हमें उनकी प्लानिंग नाकाम करनी है

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा- दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं। इस साजिश को मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा। उन्होंने बताया कि अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के जरिए नशा मुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। पीएम ने युवाओं से इस अभियान का नेतृत्व करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।



### 1. नशा सपनों और परिवार दोनों को तोड़ देता है

पीएम मोदी ने कहा कि नशा युवाओं का फोकस भटकाकर उन्हें धीरे-धीरे उनके सपनों से दूर ले जाता है। आज भारत के युवा स्टार्टअप,ड्ढ और स्पेस जैसे क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन अगर कोई युवा ड्रग्स की गिरफ्त में आ जाए तो सिर्फ उसका सपना ही नहीं, पूरा परिवार हार जाता है। नशा एक पिता के सपनों और बहन की उम्मीदों को भी तोड़ देता है।

### 2. दुश्मन देश ड्रग्स के जरिए युवाओं को निशाना बना रहे

नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को ड्रग्स के जाल में फंसाने की साजिश रचते हैं। सरकार नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

### 3. ड्रग्स थोड़ी देर का हाई, लेकिन जिंदगीभर का नुकसान

ड्रग्स कुछ समय के लिए हाई देता है, लेकिन करियर और फैमिली लाइफ को बर्बाद कर देता है। हमारे संतों और गुरुओं ने भी नशे से दूर रहने की सीख दी है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो नशा इंसान की बुद्धि और विवेक छीन ले, वह उसे पतन की ओर ले जाता है।

### 4. नशे से बाहर निकले युवाओं को दूसरा मौका मिलना चाहिए

नशे की लत से लड़कर बाहर निकलने वाले असली योद्धा हैं। किसी व्यक्ति का अतीत उसकी पहचान नहीं होता, बल्कि मुश्किलों से बाहर निकलने का उसका साहस उसकी असली पहचान होता है।

### 5. ड्रग्स माफिया पर कार्रवाई कई गुना बढ़ी

देश में नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त की जा रही है और कार्रवाई पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण है।

### नशा मुक्त युवा कार्यक्रम में 1 करोड़ से ज्यादा युवा शामिल हुए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले देशभर के युवाओं ने एक साथ नशा मुक्त भारत की शपथ ली। यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 28 हजार से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। अभियान में 1 करोड़ से ज्यादा युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में 5 प्रमुख आध्यात्मिक गुरु—अम्मा, श्री श्री रविशंकर, दाजी, डॉ. चिन्मय पंड्या और स्वामी ब्रह्मविहारीजी भी वर्चुअली जुड़े। इसके अलावा कई मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 100 हफ्तों तक हर रविवार कार्यक्रम होगा

इस कार्यक्रम का मकसद युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। यह अभियान अगले 100 हफ्तों तक चलेगा। इसके तहत हर रविवार देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, जिनके जरिए लोगों को नशे के नुकसान बताए जाएंगे और नशा मुक्त भारत का संदेश दिया जाएगा।

### नशे के खिलाफ जन आंदोलन बनाने की कोशिश

यह अभियान 125 से ज्यादा आध्यात्मिक संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, सामाजिक संस्थाएं और उद्योग संगठन भी इस अभियान से जुड़े हैं। सरकार चाहती है कि इस अभियान में स्कूल, कॉलेज, युवा संगठन, सामाजिक संस्थाएं, उद्योग संगठन और आध्यात्मिक संस्थाएं मिलकर काम करें। उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मुहिम से जुड़ें और नशे के खिलाफ इसे जन आंदोलन बनाया जाए।

# जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोडफोड करने वाला था संदिग्ध जैश आतंकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्ञ्जस्न ने दावा किया है कि बर्धमान जिले से गिरफ्तार संदिग्ध जैश-ए-मोहम्मद ऑपरेटिव हमीम मंडल ने दिल्ली के जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोड-फोड की साजिश रची थी। STF के मुताबिक, पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स ने हमीम को CJP के छात्र प्रदर्शन में पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने और वहां अशांति फैलाने का निर्देश दिया था। STF के IG गौरव शर्मा के मुताबिक, हमीम को बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की



गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी सुरक्षा से जुड़ी जानकारी जुटाने का भी काम सौंपा गया था। हमीम को दो दिन पहले पूर्व बर्धमान से गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उसे 14 दिन की STF हिरासत में भेज दिया है। STF ने हमीम की गर्लफ्रेंड अर्पिता सरकार को भी झारखंड से गिरफ्तार किया है। एजेंसी का दावा है कि दोनों पाकिस्तान से जुड़े शाहजाद भट्टी गैंग के इशारे पर काम कर रहे थे।

### राज्य मंत्री के बेटे को हनी ट्रैप में फंसा रही थी अर्पिता

हमीम और उसकी गर्लफ्रेंड पर बंगाल के राज्य मंत्री उमेश राय के बेटे को हनीट्रैप कर अगवा करने और परिवार से वसूली की साजिश रचने का भी आरोप है। **STF** के मुताबिक, अर्पिता कई नेताओं और अन्य चर्चित लोगों से हनीट्रैप के जरिए जानकारी जुटाकर हमीम तक पहुंचाती थी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।